आज़ादी का अमृत महोत्सव

# स्वतंत्रता दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

## श्री मनोज कुमार

## का

## संदेश

## 15 अगस्त, 2022

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

नागपुर

वित्तीय वर्ष 2021-22 में हमने CSR के तहत कुल 22.54 करोड़ रूपये खर्च किये जिसमें कोल इंडिया की ओर से प्राप्त 10 करोड़ की निधि भी सम्मिलित है। गत वर्ष कंपनी ने कोविड महामारी के दौरान CSR के अंतर्गत 04 सरकारी अस्पतालों में 05 ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए जिला प्रशासन (नागपुर और चंद्रपुर) को 15.38 करोड़ रूपये का वित्तीय सहयोग दिया। गत वर्ष Cancer Relief Society को 200 बेड के RST Cancer Hospital Ward के लिए 3 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। कोविड महामारी से लड़ने के लिए बैतूल और छिंदवाड़ा जिला प्रशासन को 25-25 लाख रूपये का वित्तीय सहयोग दिया गया और सभी 10 क्षेत्रों को 10-10 लाख रूपये की विशेष सहायता प्रदान की गई। वहीं प्रभावित लोगों को भोजन, दवाइयाँ और रोजमर्रा की जरूरत की चीजें भी उपलब्ध करवाई गई।

CSR के अंतर्गत 16 अप्रैल, 2022 को माननीय केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी, रामटेक के माननीय सांसद श्री कृपाल तुमाने जी की उपस्थिति में 184 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इसी प्रकार 'आजादी के अमृत महोत्सव' की कड़ी में हमने नागपुर के सरकारी स्कूलों में 75 RO Purifiers का वितरण किया।

जुलाई और अगस्त माह में हुई अभूतपूर्व बारिश के दौरान वर्धा वैली क्षेत्र के हमारे कोयले की खदान के आस-पास कुछ गाँवों में वर्धा नदी का पानी प्रवेश कर गया था और सामान्य जीवन अस्तव्यस्त हो गया था उस दौरान हमने अपनी ओर से हर संभव प्रयास कर उनकी दिक्कतों को कम करने में भरपूर मदद और सहयोग दिया। मैं, इस संदर्भ में वणी, वणी नार्थ और माजरी क्षेत्र का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूँगा, जिन्होंने इस मुसीबत की घड़ी में आगे बढ़कर पीड़ितों को जरूरी दवाइयां, खाद्यान्न और रोजमर्रा की अन्य आवश्यक वस्तुएं मुहैया करवाई और यह कार्य अभी भी जारी है। इसके लिए वे विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं।

हमारी टीम में युवा शक्ति भी सम्मिलित हो, यह दीर्घ काल में कंपनी के हित में है। इस उद्देश्य से वेकोलि ने चालू वित्तीय वर्ष में अब तक विभिन्न पदों पर 183 कर्मियों का विभागीय चयन किया है। वर्तमान में माइनिंग सरदार, सर्वेयर (माइनिंग) और स्टाफ नर्स ट्रेनी के कुल 267 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। वित्तीय वर्ष 2021-22 से चालू वित्तीय वर्ष के जुलाई माह तक NCWA के तहत 417 लोगों को नौकरी दी गई तथा इसी अवधि में 908 परियोजना प्रभावित लोगों (PAPs) को भी रोजगार दिया गया है।

मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा युवा छात्रों को अप्रेंटिस ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है। वर्तमान में कुल 1224 विद्यार्थियों को ट्रेड, टेक्नीशियन तथा ग्रेजुएट अप्रेंटिस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में 924 परियोजना प्रभावित और बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य है, जिसमें 523 युवाओं को वर्तमान में Central Institute of Petrochemicals Engineering & Technology (CIPET), Footwear Design & Development Institute (FDDI), Apparal Training & Design Centre (ATDC), Ashoka Leyland Institute for Driving Training & Research (ALIDTR), JCB, MARUTI SUZUKI, एवं VOLTAS जैसे प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके लिए CSR के तहत कुल 3.26 करोड़ रूपये का वित्तीय प्रावधान किया गया है।

कोल इंडिया में पहली बार WCL द्वारा FDDI के सहयोग से युवाओं को फुटवियर डिजाईन एंड प्रोडक्शन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गत वर्ष CIPET के चंद्रपुर एवं भोपाल केंद्र पर 127 प्रशिक्षणार्थियों ने अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया है। ख़ुशी की बात यह है कि प्रशिक्षण के बाद सभी को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार मिला है।

आज इस आजादी के महापर्व के अवसर पर हम यह संकल्प लें कि टीम भावना का उच्चतम प्रदर्शन करते हुए हम राष्ट्र की सेवा करेंगे। सदा याद रखें कि देश के विकास में हमारी भूमिका महत्वपूर्ण है। अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी हम सब को निभानी है। हमारे इस प्रयास में कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया, हमारे निदेशकगण, हमारे श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण, संचालन समिति के सदस्यगण और कल्याण मंडल के सदस्यगण का सहयोग हमें लगातार मिल रहा है। इसके लिए कंपनी की ओर से हम आप सब के प्रति दिल से आभार प्रकट करते हैं और आशा व्यक्त करते हैं कि भविष्य में भी हमें आप सबका मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

आजादी के 75 साल पूरा होने पर भारत सरकार ने '**हर घर तिरंगा**' अभियान शुरू किया है, इसके तहत WCL ने अपने कर्मियों, हितधारकों और खदानों की आस-पास की आबादी को 42,600 तिरंगों का वितरण किया है। WCL द्वारा चंद्रपुर के जिलाधिकारी को तिरंगा वितरण के लिए CSR मद से 03 लाख रुपये की राशि भी प्रदान की गई है।

मेरे पास एक खुशखबरी और है। 18 अगस्त, 2022 को, दिल्ली में भारत सरकार, कोयला मंत्रालय की ओर से WCL को 'कोल मिनिस्टर अवार्ड 2021-22' के तहत **'Sustainability' के लिए प्रथम (Ist)** और **'ERP Implementation' के लिए तृतीय (IIIrd)** पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इस खास उपलब्धि के लिए Team WCL को दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत बधाई।

तिरंगामयी रंग में रंगे आजादी के महापर्व की आप सब को सपरिवार पुनः हार्दिक शुभकामनाएँ और अनेक-अनेक बधाइयाँ। आप सभी को सपरिवार स्वस्थ और सुखद जीवन की शुभकामना के साथ...!

जय हिन्द !

**15 अगस्त, 2022** **( मनोज कुमार )**

@TeamWCL Western Coalfields Limited



# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे साथी निदेशकगण, CVO WCL, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्यगण, समस्त विभागाध्यक्ष एवं Team WCL के सभी साथी, आदरणीय महिलाएं, सज्जन वृंद और प्यारे बच्चों !

आज हमारा देश आजादी के 75 साल पूर्ण कर रहा है। **'आजादी के 75 साल'** यानी आजादी का **'अमृत महोत्सव काल'** इसका एक विशेष महत्व है। आज पूरा देश आजादी का उत्सव मना रहा है। यह उत्सव है लोकतंत्र के मूल्यों की जीत का, देशभक्ति के आदर्शों की प्रौढ़ता का, हम सभी के आत्म-सम्मान का, हम सभी के आत्म-विश्वास का और विश्व पटल पर दृढ़ता के साथ स्थापित होते हमारे देश की अपार सफलता का। आज हमारा देश माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति पथ पर गतिमान है। आज के इस शुभ अवसर पर आप सभी को 'स्वतंत्रता दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं और अनेक-अनेक बधाइयाँ।

आज का यह दिन उन वीर शहीदों को भी याद करने का है, जिनकी वजह से हमारे देश को आजादी मिली। अपने बलिदान से उन्होंने इस देश को नई राह दिखाई है - देशभक्ति की, राष्ट्रहित की और स्वयं से पहले भारतीय मूल्यों को सामने रखने की। पिछले 47 सालों में WCL ने भी तो इन्हीं मूल्यों को जिया है और देश की ऊर्जा आपूर्ति को निर्बाध रूप से निरंतर पूरा करने में अपना योगदान दिया है। खनिकों पर देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने की महती जिम्मेदारी है और हमने इस जिम्मेदारी का भली-भांति निर्वहन किया है-अपने पसीने से, अपने परिश्रम से और अपने समर्पण से।

इस अवसर पर आपको यह बताते हुए मुझे हर्ष और गर्व की अनुभूति हो रही है कि गत वित्तीय वर्ष में वेकोलि ने 57.71 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया, जो अब तक का एक वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। इसी प्रकार हमने 64.17 मिलियन टन कोयला प्रेषण और 273.24 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन हटाने में सफलता हासिल की। यह भी WCL के इतिहास का सर्वाधिक है। यह आप सबके पक्के इरादों की जीत है। इस जीत के लिए मैं आप सबको बधाई देता हूँ।

आपने, अपने तन से, मन से और लगन से काम किया उसी का फल है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में हमारा PBT (Profit Before Tax) 352.56 करोड़ रूपये था वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22 में हमारा PBT 257.31% की वृद्धि के साथ 1259.73 करोड़ रूपये रहा। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2020-21 में हमारा Operational Profit ऋणात्मक यानी -129.52 करोड़ रूपये था, वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22 में हमारे Operational Profit ने 855.30% की ऊँची छलांग लगाई है और यह 978.27 करोड़ रूपये रहा है। इस लाभांश को अर्जित करने के लिए मैं, TEAM WCL की मेहनत और जुनूनी ज़ज्बे को सलाम करता हूँ और आशा करता हूँ कि हम भविष्य में भी इसी प्रकार से निरंतर गतिशील रहेंगे। दोस्तों, आप सब को पुनः हार्दिक बधाई!

वेकोलि को आर्थिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में हमने OB से Sand बनाने और OB की बिक्री की दिशा में पहल की है और गत वित्तीय वर्ष में इस मद से हमें 4.14 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। भविष्य में इसके और विस्तार की योजना है।

चालू वित्तीय वर्ष (2022-23) की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में हमने अपने निर्धारित लक्ष्य से भी ज्यादा और गत वर्ष की इसी अवधि से भी 37.1% अधिक कोयला उत्पादन किया, जोकि 14.27 मिलियन टन था। इसी प्रकार हमने अब तक के किसी भी वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही का सर्वाधिक 18.04 मिलियन टन कोयला 11.2% वृद्धि के साथ प्रेषण किया और 77.91 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन हटाकर कर 14.7% की वृद्धि दर्ज की है। यह हम सबके मिले-जुले प्रयासों एवं बेहतरीन तालमेल का प्रतिफल है। मुझे विश्वास है कि यह सिलसिला जारी रहेगा और हम अपने इस वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों 62 मिलियन टन कोयला उत्पादन और प्रेषण एवं 330 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार को हटाने में सफल होंगे।

दोस्तों, इस वर्ष जुलाई के महीने में निरंतर एवं अप्रत्याशित अतिवृष्टि की वजह से हम उत्पादन, प्रेषण और अधिभार हटाने के अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर पाए, पर यह केवल समय की बात है। मेरा मानना है कि हमारी टीम विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए अच्छे परिणाम देने में माहिर है और अब इस वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में अपनी पूरी ऊर्जा को लगाते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी और इस वित्तीय वर्ष को सर्वश्रेष्ठ एवं यादगार वित्तीय वर्ष में बदल देगी। WCL की यही कार्य संस्कृति भी है।

सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। एक खनिक होने के नाते मैं जानता हूँ कि वर्षों का हमारा अनुभव ही हमारे काम आता है। मैं, हर बार सभी मंचों से कहता रहा हूँ कि सुरक्षा के साथ हमें कोई समझौता नहीं करना है। गत वर्षों में वेकोलि की विभिन्न खदानों को कुल 09 राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार और कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से कोर्पोरेट सेफ्टी अवार्ड मिला है। चौकसी के साथ हमें इस संख्या को और बढ़ाना है।

कोयला उत्पादन में आने वाले दिनों में बढ़े हुए लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम लगातार प्रयत्नशील हैं। इस दिशा में RI-IV, CMPDIL के साथ मिलकर हमने जनवरी 2021 से अब तक 11 नये प्रोजेक्ट रिपोर्ट और स्कीम अनुमोदित किये हैं। मध्यप्रदेश के हमारे क्षेत्रों में भी हम लगातार नये प्रोजेक्ट रिपोर्ट की संभावनाएँ तलाश रहे हैं।

दोस्तों, आपको याद होगा कि आजादी के अमृत महोत्सव काल में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई और इसी साल 29 मार्च, 2022 को माननीय केंद्रीय मंत्री संसदीय मामले, कोयला और खान श्री प्रल्हाद जोशी जी, संतरा नगरी के गौरव, माननीय केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी, माननीय राज्य मंत्री कोयला, रेल और खान, श्री रावसाहेब पाटिल दानवे जी ने अनेक गणमान्यों की गरिमामयी उपस्थिति में धुपताला OCM एवं First Mile Connectivity (FMC) मुंगोली OC के फाउंडेशन स्टोन laying का वर्चुअल उद्घाटन किया था। अब ये परियोजनाएं धीरे-धीरे अपना आकार ले रही हैं।

भूमिगत खनन कार्य में नई तकनीकी को अपनाने के हम पक्षधर हैं। नई तकनीक के इस्तेमाल से न केवल हमारी कार्य क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी बल्कि खनन कार्य अधिक सुरक्षित होगा। उत्पादन, उत्पादकता एवं मुनाफा में भी वृद्धि होगी। इस दिशा में हमने कई सकारात्मक कदम उठाए हैं। गत वर्ष तवा - II खदान में Continuous Miner का उद्घाटन किया गया था। पाथाखेड़ा क्षेत्र की दो अन्य खदानों छतरपुर - I एवं तवा में जल्द ही Continuous Miner आने वाला है। भविष्य में WCL की भूमिगत खदानों में कुल 20 Continuous Miner लगाने की रुपरेखा तैयार कर ली गई है। Opencast Mines में हम कोयला उत्खनन के लिए Surface Miner का उपयोग निरंतर बढ़ाने का प्रयत्न कर रहे हैं, जिससे गुणवत्ता वृद्धि के साथ-साथ Environment Friendly Technology को प्रोत्साहन मिलेगा।

New Technology Introduction के तहत Coal Stock Measurement एवं सुरक्षा का स्तर उन्नत करने के लिए 17 Nos, 3D Terrestrial Laser Scanner (TLS) क्षेत्रों को दिए गए हैं। Safety Gadgets के अंतर्गत Telescopic Ladder, Portable Gas Chromatograph, अत्याधुनिक Simulator की खरीदी की जा चुकी है। इसके उपयोग से बेशकीमती मानव जीवन और कीमती मशीनों की सुरक्षा में वृद्धि होगी ।

WCL के माजरी क्षेत्र में **'प्रोजेक्ट उत्कर्ष'** के तहत Surface Coal Gasification के जरिए कोयला से अमोनियम नाइट्रेट बनाने का NIT Float कर दिया गया है। EIL (Engineers India Limited) के तकनीकी सहयोग से हम इसके क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

कोयला उत्पादन के साथ-साथ हमें कोयले की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा वर्तमान में कोल इंडस्ट्री को खुला बाजार देने से अब निजी कंपनियां भी कोयला उत्पादन तथा बिक्री कर सकेंगे। ऐसे में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण कोयला मुहैया कराना अत्यंत आवश्यक है। WCL के कोयले की गुणवत्ता में भी उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है, यह भी एक सुखद संकेत है।

Environment Friendly New Technology के सहयोग से वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और जल को दूषित ना होने की दिशा में भी WCL ने अपने कदम आगे बढायें हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 4.70 लाख पौधारोपण किया गया जबकि इस साल (2022-23) का हमारा लक्ष्य 5.19 लाख पौधारोपण का है और हमने अब तक 1.46 लाख पौधा रोपण कर दिया है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से गत वर्ष हमने 19 Nos फॉगिंग मशीन और 11 Nos CAAQMS (Continuous Ambient Air Quality Monitoring Stations) लगायें हैं।

दोस्तों, अपने कर्मियों के स्वास्थ्य का ख्याल रखना हमारी प्राथमिकता है और इसी के लिए पिछले साल हमने MISSION : SEHAT (S→ Sanitation Improvement, E→ Effluent Treatment Improvement, H→ Hospital Up gradation, A→Ambulance Up gradation, T→Treatment Standard Improvement) का शुभारम्भ किया था। हमारा ध्येय है कि हम अपने लोगों को बेहतरीन सुविधाएँ उपलब्ध करवाएं। हम ये बखूबी जानते हैं कि हमारे लोग ही हमारी असली ताकत हैं और अपनी श्रम शक्ति को हम हर हाल में सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए कटिबद्ध हैं। आपका सुरक्षित और स्वस्थ रहना आपके लिए, आपके परिवार के लिए और देश के लिए बेहद जरूरी है।

वर्तमान में वेकोलि के क्षेत्रों में 70 सामान्य एम्बुलेंस के अलावा 11 BLS (Basic Life Support Ambulance) और 06 ALS (Advance Life Support Ambulance) एम्बुलेंस 24 X 7 अपनी सेवाएँ दे रही हैं। WCL द्वारा अब तक लगभग 90 हजार से अधिक वैक्सीन और 4,568 बूस्टर डोज लगाई जा चुकी हैं।

हमने अपने कर्मियों के जीवन को सुगम बनाने और उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए WCL HQ और क्षेत्रों में कॉल सेंटर का शुभारम्भ किया था। यह कर्मियों के लिए एक नई आशा की किरण का काम कर रहा है, वे एक कॉल मात्र से अपनी बात हम तक पहुंचाते हैं और उसका यथाशीघ्र निदान भी किया जाता है। अब तक इन कॉल सेंटर के जरिये प्राप्त कुल 5,352 समस्याओं में से 80% से अधिक समस्याओं का निदान किया जा चुका है, शेष की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा मिशन MUDRA (Monetisation of Unused Land, Dumps and Residual Assets) पर समयबद्ध और सुनियोजित तरीके से हम काम कर रहे हैं। इसके अंतर्गत हमने विभिन्न क्षेत्रों में Unused Land को चिन्हित कर लिया है और उसके सदुपयोग पर कार्यवाही जारी है। SEHAT और MUDRA ये दोनों मिशन हमारी कंपनी और कर्मियों के हित और बेहतरी के लिए एक प्रयास है।